Hindi

medicare

Mental Health Centres

# अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र क्या हैं?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में मित्रतापूर्ण वातावरण होता है जहाँ हर कोई निःशुल्क और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सेवाएँ और सहायता प्राप्त कर सकता है।

वे परेशान लोगों को और साथ ही उनके परिवार और देख-भाल करने वालों को तत्काल सहायता प्रदान करते हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र उन सभी के लिए निःशुल्क हैं जो वहाँ आते हैं, वे अधिक घंटों तक खुले रहते हैं, और मिलने का समय तय करने, किसी संदर्भ पत्र (रेफ़रल) या मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं होती है।

## मुझे मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में किस प्रकार की सहायता मिल सकती है?

चाहे आपने पहले कभी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना किया हो या आप पहली बार सहायता प्राप्त करने के लिए आए हों, यहाँ सभी का स्वागत है।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करते हैं:

- परेशान लोगों की तत्काल सहायता करना और आगे भी सहायता करना;
- मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं वाले लोगों को सहायता;
- मानसिक स्वास्थ्य के संकट का सामना कर रहे लोगों के देख-भाल करने वालों और परिवारों को सहायता;
- लोगों को अन्य सेवाओं से जुड़ने में सहायता करना जिससे वे भविष्य में अपने स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और आवास एवं रोज़गार प्राप्त करने जैसी चीज़ों में सामाजिक सहयोग प्राप्त कर सकें।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र ही और अधिक सेवाएँ भी प्रदान करेंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक केंद्र में मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक व्यक्तिगत रूप से या टेलीहेल्थ के माध्यम से नि:शुल्क और आसानी से उपलब्ध रहेंगे।

## यदि मैं मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में जाता/जाती हूँ तो मैं क्या अपेक्षा कर सकता/सकती हूँ?

प्रत्येक मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे पेशेवर व्यक्ति होते हैं जो लोगों की बात सुन सकते हैं और लोग जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं उनसे निपटने में उन की सहायता कर सकते हैं।

जब आप आते हैं, तो एक योग्य पेशेवर या मानसिक अस्वस्थता का व्यक्तिगत अनुभव रखने वाला व्यक्ति आपसे बात करने और आपकी तात्कालिक आवश्यकताओं को समझने के लिए आपको समय देगा। वे आपके लिए फिर आने के लिए मिलने का समय भी निर्धारित कर सकते हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र रोज़मर्रा की स्वास्थ्य देखभाल का एक सामान्य हिस्सा हैं, जो नि:शुल्क और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्राप्त करने के लिए एक मित्रतापूर्ण स्थान प्रदान करते हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी समझते हैं कि हर व्यक्ति अलग होता है और उसकी अपनी चुनौतियाँ होती हैं। वे आपकी चिंताओं का सहानुभूति, समझ और स्वीकृति के साथ समाधान करेंगे।

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की सहायता और सेवाओं का उपयोग कौन कर सकता है?

कोई भी व्यक्ति मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों में आकर सहायता प्राप्त सकता है। सहायता प्राप्त करने के लिए कोई मिलने का समय तय करने, किसी संदर्भ पत्र (रेफ़रल) या मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं है, और आपको ऑस्ट्रेलियाई नागरिक होने की भी आवश्यकता नहीं है।

Australian Government
Department of Health and Aged Care

## क्या सहायता प्राप्त करने के लिए मेरे पास मेडिकेयर कार्ड होना आवश्यक है?

नहीं, मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं का उपयोग करने के लिए आपको मेडिकेयर का पात्र होने या मेडिकेयर कार्ड रखने की आवश्यकता नहीं है।

## क्या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सेवाएँ नि:शुल्क हैं?

हाँ, मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की सभी सेवाएँ नि:शुल्क हैं।

## क्या मेरी गोपनीयता को बनाए रखा जाएगा और उसे स्पष्ट रूप से समझाया जाएगा?

यदि आप सहमति देते हैं, तो हम किसी भी सलाह और योजना के सभी या कुछ भाग आपके GP या अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों के साथ साझा कर सकते हैं। यदि आप अपने वर्तमान स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों के साथ यह जानकारी साझा नहीं करना चाहते हैं, तो आप ऐसा भी कर सकते हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम आपको सर्वोत्तम सेवाओं से जोड़ सकें और आपकी सभी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें, हम आपको सलाह देंगे कि आप हमसे प्राप्त किसी भी अतिरिक्त सलाह या सहायता के बारे में अपने GP या अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों के साथ चर्चा करें।

## किस प्रकार की दुभाषिया सेवाएँ उपलब्ध हैं?

यदि आपको अपनी भाषा में मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहिए, तो मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS National) की सहायता ले सकते हैं। जो लोग अँग्रेज़ी नहीं बोलते हैं, TIS उन के लिए फ़ोन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की और गोपनीय दुभाषिया सेवाएँ प्रदान करती है।

जब आपको दुभाषिए की आवश्यकता होगी, तो मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र TIS से संपर्क करने में आपकी सहायता करेंगे। TIS का दुभाषिया आपकी बातचीत का अनुवाद करेगा और केंद्र के कर्मचारियों के साथ बात करने में आपकी सहायता करेगा।

## मैं मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

**मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए:**

- **health.gov.au/medicare-mental-health पर जाएँ**
- **सप्ताह के दिनों में सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक 1800 595 212 पर फ़ोन करें।**

**आपात स्थिति में, हमेशा तीन शून्य (000) पर फ़ोन करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।**